[6][परन्तु जो व्यक्ति संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1953 के प्रारम्भ के अव्यवहितपूर्व मणिपुर और त्रिपुरा के भाग ग राज्यों को आबंटन में मिले स्थान को धारण किए हुए है उस व्यक्ति की बाबत यह समझा जाएगा कि वह त्रिपुरा के संघ राज्यक्षेत्रों के आबंटन में मिले स्थान को ऐसे प्रारम्भ से ही भरने के लिए सम्यक् रूप से निर्वाचित हुआ है ।]

**27झ. [राज्य सभा के लिए अजमेर और कुर्ग राज्यों और मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों के स्थान भरने के लिए विशेष उपबंध ।]**---विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा निरसित ।

**27ञ. निर्वाचकगणों में रिक्तियां होते हुए भी उनका निर्वाचन करने की शक्ति**---किसी निर्वाचकगण [7]*** के सदस्यों द्वारा इस अधिनियम के अधीन किया गया कोई भी निर्वाचन ऐसे गण की सदस्यता में किसी रिक्ति के विद्यमान होने के आधार पर ही प्रश्नगत न किया जाएगा ।

**27ट. [कुछ राज्यों के लिए जिनके लिए विधान सभाएं बनाई गई हैं, निर्वाचकगण ।]**---विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा निरसित ।

## भाग 5

## साधारण

**28. नियम बनाने की शक्ति**---(1) केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम[8] निर्वाचन आयोग से परामर्श करने के पश्चात् शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बना सकेगी ।

(2) विशिष्टतः और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियम निम्नलिखित सब विषयों के लिए या उनमें से किन्हीं के लिए उपबंध कर सकेंगे, अर्थात् :--

[9][(क) मामूली तौर से निवास की धारा 20 की उपधारा (7) के अधीन अवधारण ;

(कक) निर्वाचक नामावलियों में प्रविष्ट की जाने वाली विशिष्टियां ;]

(ख) निर्वाचक नामावलियाँ [10]*** का प्रारंभिक प्रकाशन ;

---

1. विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा "भाग ग" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
2. विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा "या ऐसे राज्यों का समूह" शब्दों का लोप किया गया ।
3. विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा कतिपय शब्दों का लोप किया गया ।
4. विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा "ऐसा राज्य" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
5. 1956 के अधिनियम सं0 2 की धारा 23 द्वारा (1-3-1956 से) "या राज्यों का समूह" शब्दों का लोप किया गया ।
6. विधि अनुकूलन (सं0 2) आदेश, 1956 द्वारा अंतःस्थापित ।
7. 1951 के अधिनियम सं0 49 की धारा 44 और पांचवीं अनुसूची द्वारा (6-9-1951 से) कतिपय शब्दों का लोप किया गया ।
8. आगे जिल्द 2 में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 देखिए ।
9. 1966 के अधिनियम सं0 47 की धारा 12 द्वारा (14-12-1966 से) खंड (क) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
10. 1950 के अधिनियम सं0 73 की धारा 9 द्वारा (23-12-1950 से) कतिपय शब्दों का लोप किया गया ।

**13. निर्वाचन-क्षेत्रों का परिसीमन करने वाले आदेशों के बारे में प्रक्रिया—**[1]* * * *

(3) [2]*** धारा 11 या धारा 12 के अधीन किया गया हर आदेश अपने किए जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र संसद् के समक्ष रखा जाएगा और ऐसे उपान्तरों के अध्यधीन रहेगा जैसे संसद् उस तारीख से, जिसको आदेश ऐसा रखा गया है, बीस दिन के भीतर किए गए प्रस्ताव पर करे ।

[3][भाग 2क

## आफिसर

**13क. मुख्य निर्वाचन आफिसर**–(1) हर एक राज्य के लिए एक मुख्य निर्वाचन आफिसर होगा जो सरकार का ऐसा आफिसर होगा जैसा निर्वाचन आयोग उस सरकार के परामर्श से इस निमित्त पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट करे ।

(2) निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन रहते हुए मुख्य निर्वाचन आफिसर राज्य में इस अधिनियम के अधीन वाली सब निर्वाचक नामावलियों की तैयारी, पुनरीक्षण और शुद्धि का पर्यवेक्षण करेगा ।

[4][**13कक. जिला निर्वाचन आफिसर**–(1) [5]*** किसी राज्य में हर एक जिले के लिए निर्वाचन आयोग, उस राज्य की सरकार के परामर्श से एक जिला निर्वाचन आफिसर को पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट करेगा, जो सरकारी आफिसर होगा :

परंतु निर्वाचन आयोग किसी जिले के लिए एक से अधिक ऐसे आफिसर पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट कर सकेगा । यदि निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो जाता है कि पद के कृत्यों का एक आफिसर द्वारा समाधानप्रद रूप में पालन नहीं किया जा सकता ।

(2) जहां कि किसी जिले के लिए उपधारा (1) के परन्तुक के अधीन एक से अधिक जिला निर्वाचन आफिसर पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट किए जाते हैं, वहां निर्वाचन आयोग जिला निर्वाचन आफिसरों को पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट करने वाले आदेश में उस क्षेत्र को भी विनिर्दिष्ट करेगा जिसकी बाबत हर एक ऐसा आफिसर अधिकारिता का प्रयोग करेगा ।

(3) मुख्य निर्वाचन आफिसर के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अध्यधीन रहते हुए जिला निर्वाचन आफिसर उस जिले में या अपनी अधिकारिता के भीतर के क्षेत्र में उस जिले के भीतर के सब संसदीय, सभा और परिषद् निर्वाचन-क्षेत्रों के लिए निर्वाचन नामावलियों की तैयारी और पुनरीक्षण से संसक्त सब काम का समन्वय और पर्यवेक्षण करेगा ।

(4) जिला निर्वाचन आफिसर ऐसे अन्य कृत्यों का भी पालन करेगा, जैसे उसे निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आफिसर द्वारा न्यस्त किए जाएं ।

**13ख. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आफिसर**– (1) [6][[7][ जम्मू-कश्मीर राज्य में या ऐसे संघ राज्यक्षेत्र में, जिसमें विधान सभा नहीं है,] हर एक संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र, हर एक सभा निर्वाचन-क्षेत्र] और हर एक परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आफिसर द्वारा तैयार और पुनरीक्षित की जाएगी जो सरकार का या किसी स्थानीय प्राधिकारी का वह आफिसर होगा जिसे निर्वाचन आयोग, उस राज्य की सरकार के, जिसके राज्य में वह निर्वाचन-क्षेत्र स्थित है, परामर्श से, इस निमित्त पदाभिहित या नामनिर्दिष्ट करे ।

---

1. 1956 के अधिनियम सं0 2 की धारा 8 द्वारा (1-3-1956 से) उपधारा (1) और उपधारा (2) का लोप किया गया ।
2. 1956 के अधिनियम सं0 2 की धारा 8 द्वारा (1-3-1956 से) "धारा 6, धारा 9," शब्दों और अंकों का लोप किया गया ।
3. 1956 के अधिनियम सं0 2 की धारा 9 द्वारा (1-3-1956 से) अंतःस्थापित ।
4. 1966 के अधिनियम सं0 47 की धारा 5 द्वारा (14-12-1966 से) अंतःस्थापित ।
5. 2004 के अधिनियम सं0 2 की धारा 2 द्वारा (29-10-2003 से) "संघ राज्यक्षेत्र से भिन्न" शब्दों का लोप किया गया ।
6. 1956 के अधिनियम सं0 103 की धारा 65 द्वारा (1-1-1957 से) कतिपय शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
7. 1966 के अधिनियम सं0 47 की धारा 6 द्वारा (14-12-1966 से) कतिपय शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(4) लोक सभा के और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के प्रत्येक साधारण निर्वाचन से पहले तथा विधान परिषद् वाले प्रत्येक राज्य की विधान परिषद् के लिए प्रथम साधारण निर्वाचन से पहले और उसके पश्चात् प्रत्येक द्विवार्षिक निर्वाचन से पहले, राष्ट्रपति निर्वाचन आयोग से परामर्श करने के पश्चात् खंड (1) द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपे गए कृत्यों के पालन में आयोग की सहायता के लिए उतने प्रादेशिक आयुक्तों की भी नियुक्ति कर सकेगा जितने वह आवश्यक समझे ।

(5) संसद् द्वारा बनाई गई किसी विधि के उपबंधों के अधीन रहते हुए, निर्वाचन आयुक्तों और प्रादेशिक आयुक्तों की सेवा की शर्तें और पदावधि ऐसी होंगी जो राष्ट्रपति नियम द्वारा अवधारित करे :

परंतु मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उसके पद से उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर ही हटाया जाएगा, जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है अन्यथा नहीं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सेवा की शर्तों में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जाएगा :

परंतु यह और कि किसी अन्य निर्वाचन आयुक्त या प्रादेशिक आयुक्त को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश पर ही पद से हटाया जाएगा, अन्यथा नहीं ।

(6) जब निर्वाचन आयोग ऐसा अनुरोध करे तब, राष्ट्रपति या किसी राज्य का राज्यपाल [1]*** निर्वाचन आयोग या प्रादेशिक आयुक्त को उतने कर्मचारिवृन्द उपलब्ध कराएगा जितने खंड (1) द्वारा निर्वाचन आयोग को सौंपे गए कृत्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हों ।

**325. धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना**—संसद् के प्रत्येक सदन या किसी राज्य के विधान-मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचन के लिए प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन-क्षेत्र के लिए एक साधारण निर्वाचक-नामावली होगी और केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या इनमें से किसी के आधार पर कोई व्यक्ति ऐसी किसी नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए अपात्र नहीं होगा या ऐसे किसी निर्वाचन-क्षेत्र के लिए किसी विशेष निर्वाचक-नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा नहीं करेगा ।

**326. लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं के लिए निर्वाचनों का वयस्क मताधिकार के आधार पर होना**—लोक सभा और प्रत्येक राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे, अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक है और ऐसी तारीख को, जो समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस निमित्त नियत की जाए, कम से कम [2][अठारह वर्ष] की आयु का है और इस संविधान या समुचित विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन अनिवास, चित्त-विकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हित नहीं कर दिया जाता है, ऐसे किसी निर्वाचन में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार होगा ।

**327. विधान-मंडलों के लिए निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की संसद् की शक्ति**—इस संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए, संसद् समय-समय पर, विधि द्वारा, संसद् के प्रत्येक सदन या किसी राज्य के विधान-मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचनों से संबंधित या संसक्त सभी विषयों के संबंध में, जिनके अंतर्गत निर्वाचक-नामावली तैयार कराना, निर्वाचन-क्षेत्रों का परिसीमन और ऐसे सदन या सदनों का सम्यक् गठन सुनिश्चित करने के लिए अन्य सभी आवश्यक विषय हैं, उपबंध कर सकेगा ।

**328. किसी राज्य के विधान-मंडल के लिए निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की उस विधान-मंडल की शक्ति**—इस संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए और जहां तक संसद् इस निमित्त उपबंध नहीं करती है वहां तक, किसी राज्य का विधान-मंडल समय-समय पर, विधि द्वारा, उस राज्य के विधान-मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचनों से संबंधित या संसक्त सभी विषयों के संबंध में, जिनके अंतर्गत निर्वाचक-नामावली तैयार कराना और ऐसे सदन या सदनों का सम्यक् गठन सुनिश्चित करने के लिए अन्य सभी आवश्यक विषय हैं, उपबंध कर सकेगा ।

**329. निर्वाचन संबंधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन**—[3][इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी [4]***—]

---

1. संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 29 और अनुसूची द्वारा (1-11-1956 से) "या राजप्रमुख" शब्दों का लोप किया गया ।
2. संविधान (इकसठवां संशोधन) अधिनियम, 1988 की धारा 2 द्वारा (28-3-1989 से) "इक्कीस वर्ष" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
3. संविधान (उनतालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1975 की धारा 3 द्वारा (10-8-1975 से) "इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी" के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
4. संविधान (चवालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 35 द्वारा (20-6-1979 से) कुछ शब्दों का लोप किया गया।

(घ) यदि वह भारत का नागरिक नहीं है या उसने किसी विदेशी राज्य की नागरिकता स्वेच्छा से अर्जित कर ली है या वह किसी विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा या अनुषक्ति को अभिस्वीकार किए हुए है ;

(ङ) यदि वह संसद् द्वारा बनाई गई किसी विधि[1] द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित कर दिया जाता है ।

[2][स्पष्टीकरण---इस खंड के प्रयोजनों के लिए] कोई व्यक्ति केवल इस कारण भारत सरकार के या पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी राज्य की सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करने वाला नहीं समझा जाएगा कि वह संघ का या ऐसे राज्य का मंत्री है ।

[3][(2) कोई व्यक्ति किसी राज्य की विधान सभा या विधान परिषद् का सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा यदि वह दसवीं अनुसूची के अधीन इस प्रकार निरर्हित हो जाता है ।]

[4][**192. सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर विनिश्चय**---(1) यदि यह प्रश्न उठता है कि किसी राज्य के विधान-मंडल के किसी सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 191 के खंड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न राज्यपाल को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा ।

(2) ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले राज्यपाल निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा ।]

**193. अनुच्छेद 188 के अधीन शपथ लेने या प्रतिज्ञा करने से पहले या अर्हित न होते हुए या निरर्हित किए जाने पर बैठने और मत देने के लिए शास्ति**---यदि किसी राज्य की विधान सभा या विधान परिषद् में कोई व्यक्ति अनुच्छेद 188 की अपेक्षाओं का अनुपालन करने से पहले, या यह जानते हुए कि मैं उसकी सदस्यता के लिए अर्हित नहीं हूं या निरर्हित कर दिया गया हूं या संसद् या राज्य के विधान-मंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के उपबंधों द्वारा ऐसा करने से प्रतिषिद्ध कर दिया गया हूं, सदस्य के रूप में बैठता है या मत देता है, तो वह प्रत्येक दिन के लिए जब वह इस प्रकार बैठता है या मत देता है, पांच सौ रुपए की शास्ति का भागी होगा जो राज्य को देय ऋण के रूप में वसूल की जाएगी ।

* * * * * * *

## भाग 15

## निर्वाचन

**324. निर्वाचनों के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होना**---(1) इस संविधान के अधीन संसद् और प्रत्येक राज्य के विधान-मंडल के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचनों के लिए तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचनों के लिए निर्वाचक-नामावली तैयार कराने का और उन सभी निर्वाचनों के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण [5]*** एक आयोग में निहित होगा (जिसे इस संविधान में निर्वाचन आयोग कहा गया है) ।

(2) निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त और उतने अन्य निर्वाचन आयुक्तों से, यदि कोई हों, जितने राष्ट्रपति समय-समय पर नियत करे, मिलकर बनेगा तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, संसद् द्वारा इस निमित बनाई गई विधि के उपबंधों के अधीन रहते हुए, राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी ।

(3) जब कोई अन्य निर्वाचन आयुक्त इस प्रकार नियुक्त किया जाता है तब मुख्य निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा ।

---

1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 7 आगे भाग 2 में देखिए ।
2. संविधान (बावनवां संशोधन) अधिनियम, 1985 की धारा 5 द्वारा (1-3-1985 से) "(2) इस अनुच्छेद के प्रयोजनों के लिए" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. संविधान (बावनवां संशोधन) अधिनियम, 1985 की धारा 5 द्वारा (1-3-1985 से) अंतःस्थापित ।
4. संविधान (चवालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 25 द्वारा (20-6-1979 से) अनुच्छेद 192 के स्थान पर प्रतिस्थापित ।
5. संविधान (उन्नीसवां संशोधन) अधिनियम, 1966 की धारा 2 द्वारा (11-12-1966 से) कुछ शब्दों का लोप किया गया ।

बिन्दु सं० 5


# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551

फैक्स न0 (0135) – 2713724


संख्याः 1896 /XXV–120/2013 देहरादून : दिनांक 06 अक्टूबर, 2023

**"कार्यालय आदेश"**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड में कार्मिकों के मध्य कार्य विभाजन आदेश संख्या 120/XXV-120/2013 दिनांक 07 फरवरी, 2023 एवं कार्यालय आदेश संख्या–3541/ XXV-120/2013 में आंशिक संशोधन करते हुए तत्काल प्रभाव से अनुभाग अधिकारियों, समीक्षा अधिकारियों एवं सहायक समीक्षा अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायकों के मध्य निम्नानुसार कार्य विभाजन किया जाता हैः–

| अनुभाग अधिकारी का नाम | कार्मिक का नाम | आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी अनुभाग–1 | श्री गजेन्द्र प्रसाद, समीक्षा अधिकारी | **अधिष्ठान**<br>1. मुख्य निर्वाचन अधिकारी/अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी/ संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी/ उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आदि की तैनाती से सम्बन्धित कार्य<br>2. विभाग में पदों का सृजन एवं सेवा नियमावली का सम्पूर्ण कार्य<br>3. मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों के कार्मिकों की नियुक्ति/पदोन्नति/ए.सी.पी./स्थानान्तण/सेवा निवृत्ति आदि से सम्बन्धित कार्य<br>4. कार्मिकों के सेवा अभिलेखों, सामान्य भविष्य निधि/ई.पी.एफ. सम्बन्धित अभिलेखों को अद्यतन करना एवं उनका रख रखाव<br>5. अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा, उपार्जित एवं आकस्मिक अवकाश सम्बन्धी कार्य।<br>6. अधिष्ठान सम्बन्धी अन्य कार्य यदि कोई हों।<br>**एम.पी.आर. (MPR)**<br>मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय स्तर पर सम्पादित कार्यों की साप्ताहिक एवं मासिक प्रगति से सम्बन्धित कार्य<br>**लोक सभा एवं विधान सभा निर्वाचन**<br>1. निर्वाचन की प्रारम्भिक तैयारियॉ<br>2. निर्वाचन की घोषणा के उपरान्त अधिसूचना जारी करना, नाम निर्देशन, जॉच, नाम वापसी तथा निर्वाचन लड़के वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना<br>3. मतपत्रों की छपाई, डाक मतपत्रों का प्रेषण आदि समस्त कार्य<br>4. MCMC के गठन एवं उनसे सम्बन्धित कार्य<br>5. निर्वाचन में प्रयुक्त हल्के, भारी वाहनों की व्यवस्था<br>6. विभिन्न अनुमति (राजनीतिक दलों/निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों) से संबंधित कार्य<br>7. वेवकास्टिंग से सम्बन्धित कार्य<br>8. निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों, शिक्षकों आदि के कल्याण से सम्बन्धित कार्य<br>9. आदर्श आचार संहिता (MCC) से सम्बन्धित कार्य<br>10. कानून एवं व्यवस्था से सम्बन्धित कार्य<br>11. प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारी, जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान/ |

–2–

| | | |
|---|---|---|
| | | मतगणना कार्मिकों तथा माइक्रो आब्जर्बर की नियुक्ति से सम्बन्धित कार्य<br>12. आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य/पुलिस/व्यय प्रेक्षकों से संबंधित कार्य<br>13. निर्वाचन व्यय लेखा से संबंधित कार्य<br>14. मतदान एवं मतगणना से संबंधित कार्य<br>15. पुलिस एवं केन्द्रीय सुरक्षा बलों से सम्बन्धित कार्य<br>16. निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न शिकायतों से संबंधित कार्य<br>17. मतगणना भवनों, मतगणना केन्द्रों, स्ट्रांग रूम से संबंधित कार्य<br>18. समस्त प्रकार की शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही।<br>**राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा निर्वाचन**<br>आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, राज्य सभा के निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्य<br>श्री गजेन्द्र प्रसाद, समीक्षा अधिकारी के साथ श्रीमती पूनम मनोड़ी, क0सहायक, उक्त कार्यों का सम्पादन करेंगी। |
| श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी अनुभाग–1 | श्रीमती पूनम मनोड़ी | **सूचना का अधिकार अधिनियम**<br>1. सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत चाही गयी सूचनाओं को नियमानुसार सम्बन्धित को उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी कार्य<br>2. सूचना का अधिकार से सम्बन्धित समस्त पंजिकाओं को निर्धारित प्रारूपों में तैयार कर उनके रख रखाव से संबंधित कार्य<br>**अन्य कार्य जो समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे जाय।** |
| श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी अनुभाग–1 | श्री हिमांशु नेगी, क0स0 | श्री हिमांशु नेगी, क0स0 कार्यालय आदेश संख्या–120 दिनांक 07 फरवरी 2018 के द्वारा स्वीप सम्बन्धी विभिन्न कार्य (बजट को छोड़कर) का निर्वहन नोडल अधिकारी SVEEP एवं अनुभाग अधिकारी–1 में निर्देशन में समय पर सम्पादित करेंगें।<br>**अन्य कार्य जो समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे जाय।** |
| श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी अनुभाग–1 | श्री दीप चन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी | **1–निर्वाचक नामावली व फोटो मतदाता पहचान पत्र**<br>1. आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण से सम्बन्धित समस्त कार्य<br>2. मतदाता फोटो पहचान पत्रों की तैयारी से सम्बन्धित कार्य<br>**2– सर्विस निर्वाचक नामावली**<br>सर्विस निर्वाचक नामावली की तैयारी से सम्बन्धित कार्य<br>**3– मतदेय स्थल**<br>मतदेय स्थलों के Rationalisation से सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्य रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफिसर, निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बी.एल.ओ. सुपरवाईजर आदि की नियुक्ति सम्बन्धी कार्य।<br>**4– प्रशिक्षण एवं बैठक**<br>1. आयोग के दिशा निर्देशानुसार प्रशिक्षण से सम्बन्धित समस्त कार्य<br>2. विभिन्न बैठकों, वीडियो कान्फ्रेन्स से सम्बन्धित कार्य एवं उनसे सम्बन्धित कार्यवृत्त |

-3-

| | | |
|---|---|---|
| | | **5— मा. न्यायालय सम्बन्धी कार्य**<br>विभिन्न न्यायालयों यथा मा. उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, अभिकरणों आदि में दायर वादों से सम्बन्धित समस्त कार्य।<br>**6— वी.आई.पी. एवं प्रोटोकॉल से संबंधित कार्य**<br>अन्य कार्य जो समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे जाय।<br>श्री सुनील कुमार निगम जो मुख्य निर्वाचन कार्यालय में निर्वाचन के सम्पादनार्थ सम्बद्ध हैं। सम्बद्धता अवधि में उक्तानुसार 4 के बिन्दु–1 एवं 2 से सम्बन्धित कार्य सम्पादित करेंगें तथा आयोग/मुख्य निर्वाचन अधिकारी/अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी/संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारियों आदि के दिशा निर्देशानुसार विभिन्न बैठकों, वीडियो कान्फ्रेन्स एवं प्रशिक्षण से सम्बन्धित समस्त कार्य सम्पादित करेंगें। उक्त के अतिरिक्त समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्य को सम्पादित करेंगे। |
| 1–श्री रविन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी, अनुभाग–2 | मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी | **1— आय–व्ययक, लेखा एवं भुगतान से सम्बन्धित कार्य**<br>1. विभागीय अनुदान संख्या–05, लेखा शीर्षक 2015–निर्वाचन आयोजनेत्तर के अन्तर्गत आय–व्ययक तैयार कर प्रस्तुत करना<br>2. आवश्यकतानुसार अनुपूरक बजट तैयार करना, आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार यथा समय पुनर्विनियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना<br>3. अपरिहार्य आवश्यकता पड़ने पर राज्य आकस्मिकता निधि से बजट की व्यवस्था करना और नियमानुसार उसी वित्तीय वर्ष में समायोजन का प्रस्ताव तैयार करना<br>4. विभागीय आहरण वितरण अधिकारियों को विभिन्न मदों में बजट आवंटन, उसका समुचित लेखा रखना, विभागीय आय–व्ययों का मासिक, त्रैमासिक व्यय विवरण तैयार कर प्रस्तुत करना एवं महालेखाकार कार्यालय से मिलान करने का सम्पूर्ण कार्य<br>5. भारत सरकार से निर्वाचन व्ययों की प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित कार्य<br>6. बजट पंजिका अभिलेख अद्यावधिक रखना<br>7. मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के देयकों को तैयार करना एवं उनका समय से आहरण वितरण से संबंधित कार्य<br>8. समस्त प्रकार के देयकों की पंजिकाओं यथा बिल पंजिका–11, कोषागार पंजिकाओं बिल बाउचर आदि को तैयार करना एवं उनका समुचित रख–रखाव<br>9— कार्यालय के विभिन्न कार्यो हेतु (**SVEEP**) सहित निविदा सम्बन्धी समस्त कार्य<br>क्रमांक–9 पर उल्लिखित कार्य श्री मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी के साथ श्री दीपचन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी भी सम्पन्न करेंगें।<br>**2— सम्परीक्षा (Audit)**<br>1. विभागीय लेखा सम्परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य<br>2. भारत सरकार को सम्परीक्षा प्रमाण पत्र (Audit Certificate) प्रेषण<br>3— **SVEEP** :-आयोग से स्वीप मद में प्राप्त धनराशि का नियमानुसार सम्बन्धित को भुगतान एवं तद्संबंधी पंजिकाओं को अद्यावधिक रखना।<br>4— परिसीमन संबंधी कार्य।<br>5— अन्य कार्य जो समय–समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सौंपे |

| | | |
|---|---|---|
| | | जाय।<br>श्री हिमांशु नेगी, कार्यालय आदेश संख्या–120 दिनांक 07 फरवरी 2018 में सौंपे गये दायित्वों के साथ–साथ स्वीप सम्बन्धी विविध कार्यों के साथ–साथ श्री मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी के साथ उनके निर्देशन पर उल्लिखित कार्यो को भी सम्पादित करेंगे। |
| 1–श्री रविन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी–2 | श्री दीप चन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी | **EVM & VVPAT**<br>1. आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ई.वी.एम. एवं वी.वी.पी.ए.टी. का समुचित एवं सुरक्षित भण्डारण/भवन–गोदाम से संबंधित कार्य।<br>2. आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ई.वी.एम. एवं वी.पी.पी.ए.टी. की EMS में डाटा इन्ट्री एवं तत्सम्बन्धी सूचनाओं का आदान–प्रदान एवं तद्विषयक समस्त कार्य<br>3. आयोग एवं ई.सी.आई.एल. से समय–समय पर आवश्यकतानुसार समन्वय<br>4. ई.वी.एम. एवं वी.वी.पी.ए.टी.की एम पी आर सम्बन्धी कार्य<br>**सॉफ्टवेयर (Software)**<br>आयोग के माध्यम एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय स्तर पर ERO Net एवं ई.पी.आई.सी. सॉफ्टवेयर संचालन एवं एन.आई.सी. से आवश्यक समन्वय।<br>**विविध कार्य (Miscellaneous Work)**<br>1– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हेतु समस्त प्रकार की लेखन सामग्री, प्रपत्रों तथा टोनर कार्टेज आदि की व्यवस्था एवं समस्त प्रकार की सामग्री एवं उपकरणों के नियमानुसार कय से सम्बन्धित समस्त कार्य<br>2–स्टाक पंजिकाओं का अद्यावधिक रख–रखाव<br>3–विभागीय वाहनों हेतु ईधन आपूर्ति, रख–रखाव एवं अनुरक्षण सम्बन्धी समस्त कार्य<br>4–कार्यालय फर्नीचर/साज सज्जा, कम्प्यूटर सहवर्ती उपकरण, प्रिन्ट्र, फैक्स तथा अन्य उपकरणों की व्यवस्था एवं रख रखाव<br>5–विभिन्न विभाग/कार्यालयों से प्राप्त सन्दर्भ आदि से सम्बन्धित कार्य एवं समन्वय का सम्पूर्ण कार्य<br>6–कार्यालय भण्डार का रख–रखाव<br>7– विभिन्न कार्यो हेतु निविदा आदि का कार्य।<br>श्री रामप्रीत गौड़, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय आदेश सं0–120 दिनांक 07 फरवरी 2018 में आवंटित कार्यों के साथ–साथ श्री दीप चन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उनके निर्देशों के अनुसार उपरोक्त विविध कार्य भी सम्पादित करेंगें। |

1– श्री मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी अनुभाग अधिकारी–2 के मार्ग–निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे तथा सभी पत्रावलियां अनुभाग अधिकारी–2 के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

2– श्री गजेन्द्र प्रसाद, समीक्षा अधिकारी–अनुभाग अधिकारी–1 के मार्ग–निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे तथा सभी पत्रावलियां अनुभाग अधिकारी–1 के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

3– श्री दीप चन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी, अनुभाग अधिकारी अनुभाग–1 एवं 2 पत्रावलियां सम्बन्धित अनुभाग अधिकारी–1 एवं 2 के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

4– श्रीमती पूनम मनोड़ी, कनिष्ठ सहायक सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित समस्त कार्य सम्पादित करेंगें एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद, समीक्षा अधिकारी को सौंपे गये कार्यों का सम्पादन भी उनके निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में सम्पादित करेंगें करेंगे।

5– श्री रामप्रीत गौड़, कनिष्ठ सहायक, कार्यालय आदेश सं0–120 दिनांक 07 फरवरी 2018 में आवंटित कार्यों के साथ–साथ श्री दीप चन्द्र जोशी, सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उनके मार्ग–निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे।

6– श्री हिमांशु नेगी, कार्यालय आदेश संख्या–120 दिनांक 07 फरवरी 2018 में सौंपे गये दायित्वों के साथ–साथ स्वीप सम्बन्धी विविध कार्यों के साथ–साथ श्री मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी के साथ उनके निर्देशन पर उल्लिखित कार्यो को भी सम्पादित करेंगे।

7– श्री राजेन्द्र प्रसाद उनियाल, व0प्र0अ0, राजस्व परिषद जो इस कार्यालय में लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 तक सम्बद्ध हैं, वे अनुभाग–1 एवं 2 में अनुभाग अधिकारियों के निर्देशन में कार्य सम्पादित करेंगें।

8– श्री बसन्त सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी–1 एवं श्री रविन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी–2 परस्पर एक दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे।

9– श्री मोहन सिंह कार्की, समीक्षा अधिकारी–1 एवं श्री गजेन्द्र प्रसाद, समीक्षा अधिकारी–2 परस्पर एक दूसरे के लिंक अधिकारी होगें।

उक्त के अतिरिक्त कार्यालय आदेश संख्या–120/XXV-120/2018 दिनांक 07 फरवरी, 2018 द्वारा निर्गत शेष कार्य विभाजन यथावत रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी/कार्मिक उक्त आदेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को गम्भीरता से लिया जायेगा।

(डॉ0 वी0 षणमुगम)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

संख्याः /XXV–120/2013 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2– संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी–1 एवं 2, उत्तराखण्ड।
3– उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
4– सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– अनुभाग अधिकारी एक एवं दो।
6– उपरोक्त समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी/कनिष्ठ सहायक।
7– गार्ड फाईल।

(डॉ0 वी0 षणमुगम)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

बिन्दु सं० 6

| जिला निर्वाचन कार्यालय का पता एवं अन्य विवरण दूरभाष नम्बर कार्यालय/मो.नं. | जिला निर्वाचन कार्यालय का पता एवं अन्य विवरण दूरभाष नम्बर कार्यालय/मो.नं. |
|---|---|
| जिला निर्वाचन कार्यालय, उत्तरकाशी<br>पो0–उत्तरकाशी, पिन कोड– 249193<br>दूरभाष–01374–222177 | जिला निर्वाचन कार्यालय, पिथौरागढ़,<br>पो0–पिथौरागढ़, पिन कोड–262501<br>दूरभाष–05964–225236 |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, चमोली (गोपेश्वर)<br>पो0–गोपेश्वर, पिन कोड– 246401<br>दूरभाष–01372–252139 | जिला निर्वाचन कार्यालय, बागेश्वर,<br>पो0–बागेश्वर, पिन कोड– 263642<br>दूरभाष–05963–220380, |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, रूद्रप्रयाग<br>पो0–रूद्रप्रयाग, पिन कोड– 246171<br>दूरभाष–01364–233352 | जिला निर्वाचन कार्यालय, अल्मोड़ा<br>पो0–धारानौला, पिन कोड–263601<br>दूरभाष–05962–230010 |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, टिहरी गढ़वाल<br>पो0–नई टिहरी, पिन कोड– 249001<br>दूरभाष–01376–232164 | जिला निर्वाचन कार्यालय, चम्पावत<br>पो0–चम्पावत, पिन कोड–262523<br>दूरभाष–05965–230296 |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, देहरादून,<br>कचहरी कम्पाउण्ड, देहरादून<br>पो0–देहरादून, पिन कोड–248001<br>दूरभाष–0135–2624216 | जिला निर्वाचन कार्यालय, नैनीताल,<br>पो0–तल्लीताल पिन कोड– 263001<br>दूरभाष–05942–235284 |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, हरिद्वार।<br>रोशनाबाद, हरिद्वार।<br>पो0–देहरादून, पिन कोड– 249403<br>दूरभाष–01334–239942 | जिला निर्वाचन कार्यालय, ऊधम सिंह नगर<br>पो0–रूद्रपुर, पिन कोड– 263153<br>दूरभाष–05944–246787 |
| जिला निर्वाचन कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल<br>पो0–पौड़ी, पिन कोड–246001<br>दूरभाष–01368–222217 | **मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड**<br>**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल,**<br>**4 सुभाष रोड़ सचिवालय परिसर,**<br>**देहरादून–248001**<br>फोन न0 (0135) –2713551 |

**भारत निर्वाचन आयोग,**
**निर्वाचन सदन,**
**अशोक रोड़, नई दिल्ली 110001**
**फोन न0 (011) –23052070**

प्रस्त
30/10/23

सेवा में,

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
कार्यालय- विश्व कर्मा भवन, प्रथम तल
उत्तराखन्ड सचिवालय
देहरादून, पिन कोड नम्बर – 248001

विषय– 1– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का उत्तराखन्ड सचिवालय में स्थापना होने का समय का वर्णन किया जाय। उत्तराखण्ड पुनर्गठन से

अधिकारी कार्यालय में धारित नहीं

2– यहाँ पर स्थापित होने से पहले यह कार्यालय जहाँ पर भी था उस स्थान का पता तथा सम्पर्क नम्बर यदि वहाँ का उपलब्ध है तो दिया जाय। — क्रमांक 1 ही विधानसभा

3– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के कार्यक्षेत्र की सीमा का वर्णन किया जाय। प्रदेश

4– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जिन विषयों के बारे में कार्य किया जाता है उनका प्रत्येक का वर्णन विस्तार से किया जाय तथा उदाहरण सहित कई विषयों का ब्यौरा दिया जाय,

5– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में काम करने वाले सभी छोटे तथा बड़े कर्मचारियों का नाम, पद तथा सम्पर्क नम्बर तथा उनके द्वारा किये जाने कार्य का प्रथक प्रथक वर्णन किया जाय।

work count

6– मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से उत्तराखन्ड प्रदेश में यदि छोटे कार्यालय या शाखा कार्यालय हैं। और केन्द्र सरकार के जो भी बड़े कार्यालय देश की राजधानी दिल्ली क्षेत्र में हैं तो विवरण दिया जाय उनका पता तथा उस कार्यालय का सम्पर्क नम्बर दिया जाय,

Ph No

7– सरकार द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को यदि कोई अधिकार दिये हैं तो उनका भी वर्णन किया जाय। कार्यालय में धारित नहीं

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी ग्राम – पत्तापानी डाकघर – बैलपड़ाव जिला – नैनीताल का रहने वाला है। प्रार्थी सूचना के अधिकार का प्रार्थना पत्र लिख कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कार्यालय से सम्बन्धित सभी बातों की जानकारी चाहता है। आशा है कि श्रीमान लोक सूचना अधिकारी जानकारी देंगे।
इसके अलावा अपीलीय अधिकारी का पद, कार्यालय का पता तथा फोन नम्बर भी दिया जाय। लोक सूचना अधिकारी का सम्पर्क नम्बर दिया जाय।

प्रार्थी - किशनसिंह
ग्राम - पत्तापानी
डाकघर - बैलपड़ाव
जिला - नैनीताल
तारीख — २६-१०-२०२३

पोस्टल आर्डर का नम्बर — १डी - २२२७७१७ - कीमत सात रुपया
२बी - ८३४७७१६ - मूल्य दो रुपया
२-२१ - ३८८७७१८ - मूल्य एक रुपया